प्रादेशिक समाचार एकांश

आकाशवाणी,भोपाल

दोपहर समाचार

दिनांक - 26.08.2026 समय : 2.10पीएम

प्रधानमंत्री–खेलो इंडिया संवाद

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से खेलो इंडिया संवाद को संबोधित करेंगे। राष्ट्रीय खेल दिवस 2026 समारोह के अंतर्गत मेरा युवा भारत – माय भारत राष्ट्रीय स्तर पर ये कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। इस कार्यक्रम में देश भर के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के प्रत्येक जिले के दो कॉलेजों के युवाओं की भागीदारी रहेगी। यह खेल, युवा नेतृत्व, नागरिक जिम्मेदारी, स्वयंसेवा, फिटनेस और राष्ट्र निर्माण को एक साझा मंच प्रदान करेगा। इससे युवाओं को देश की खेल संबंधी महत्वाकांक्षाओं से सीधे जुड़ने का अवसर मिलेगा।

यह संवाद खेल, ओलंपिक आकांक्षाएं, युवा नेतृत्व, विकसित भारत और नशा मुक्त युवा सहित पांच विषयों पर केंद्रित होगा। खेलो इंडिया संवाद का उद्देश्य युवाओं को देश की खेल यात्रा से जोड़ना, उनकी आकांक्षाओं को साझा करना और एक सशक्त युवा–नेतृत्व वाले विकसित भारत के लिए विचार प्रस्तुत करना है।

विनिर्माण इकाई–मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज भिंड जिले के औद्योगिक क्षेत्र मालनपुर में एक कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड की चौथी विनिर्माण इकाई का शुभारंभ करेंगे। 450 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश से स्थापित इस इकाई से 2 हजार से अधिक नए रोजगार के अवसर सृजित होंगे। नई इकाई में आधुनिक स्वचालित पैकेजिंग प्रणाली और 10 मीट्रिक टन प्रति घंटे क्षमता वाला सैपोनिफिकेशन संयंत्र स्थापित किया गया है। विस्तार के बाद राज्य को प्रतिवर्ष लगभग 185 करोड़ रुपये का अतिरिक्त जीएसटी राजस्व मिलने का अनुमान है। संयंत्र में शून्य तरल अपशिष्ट उत्सर्जन प्रणाली और 204 किलोवाट क्षमता का रूफटॉप सौर ऊर्जा संयंत्र भी स्थापित किया जाएगा।

ओणम

नई फसल और प्रकृति के प्रति आभार का पर्व ओणम आज उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। यह पर्व भारत की समृद्ध संस्कृति और भाईचारे की भावना को दर्शाता है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ओणम के अवसर पर देशवासियों को अपनी शुभकामनाएं दी हैं। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट पर कहा है कि खुशियों और उल्लास का यह त्योहार पूरी दुनिया में बड़े उत्साह के साथ मनाया जाता है। श्री मोदी ने कामना की है कि यह त्योहार लोगों में खुशी, एकता और समृद्धि की भावना को और मजबूत करेगा।

ईद मिलाद–उन–नबी

पैगंबर हजरत मुहम्मद का जन्मदिन, ईद ए मिलाद–उन–नबी, आज प्रदेश में धार्मिक श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर आज पैगंबर मुहम्मद के जीवन और शिक्षाओं पर मिलाद महफिलें और सीरत सम्मेलन आयोजित किए जा रहे है। इस अवसर पर मिलाद जुलूस भी निकाले जा रहे हैं। राज्य के छिंदवाड़ा सहित अन्य जिलों से भी ईद ए मिलाद–उन–नबी के मनाये जाने के समाचार

मिले है।

ई–श्रम पोर्टल

ई–श्रम पोर्टल के शुभारंभ के आज पांच वर्ष पूरे हो गए हैं। यह भारत के असंगठित कार्यबल के लिए सामाजिक सुरक्षा को सुदृढ करने की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि है। श्रम और रोजगार मंत्रालय ने 2021 में इस पोर्टल को शुरू किया था। इसके माध्यम से देश का पहला आधार–आधारित राष्ट्रीय असंगठित श्रमिक डेटाबेस तैयार किया गया है।

मौसम

प्रदेश में अगले दो दिन भोपाल, उज्जैन, सागर, ग्वालियर और चंबल संभाग में तेज बारिश का दौर रहने की संभावना है। मौसम केंद्र भोपाल ने आज भिंड, दतिया और सागर जिलों में अति भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा ग्वालियर,उज्जैन, भोपाल, इंदौर जबलपुर, नर्मदापुरम और शहडोल संभाग के जिलों में कहीं तेज तो कहीं हल्की बारिश हो सकती है।

समाचार संक्षेप में :–

- राष्ट्रीय दृष्टिहीनता कार्यक्रम के अंतर्गत खरगोन जिले में 25 अगस्त से 8 सितंबर तक राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इस दौरान आमजन को नेत्रदान के प्रति जागरूक किया जायेगा।
- शिवपुरी जिले में खाद्य और औषधि प्रशासन द्वारा आगामी त्योहारों के दृष्टिगत शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए विशेष जांच अभियान चलाया जा रहा है।
- मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा महर्षि अरविंद जयंती पर आगरमालवा में कल जिला स्तरीय व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया।
- झाबुआ में कलेक्टर की अध्यक्षता में कल स्वास्थ्य विभाग के सिकल सेल कार्यक्रम, राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम एवं आयुष्मान भारत कार्यक्रम की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।
- नीमच में समय–सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में जिला कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन,मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान, सहित विभिन्न विभागों के लंबितप्रकरणों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

..............................